# संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ

## संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2022 की विशिष्ट चरणों (13वां व 14वां) की काउन्सिलिंग प्रक्रिया (केवल फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु)

13वें से 14वें चरण तक की काउन्सिलिंग के लिए केवल फार्मेसी पाठ्यक्रम के पूर्व प्रवेशित/अप्रवेशित छात्र एवं नवीन पंजीकृत अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी असीमित विकल्पों का चयन कर सकेंगे। अगले चरण में पूर्व में दिये गये विकल्पों को परिवर्तित करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा उस आधार पर ही सीट आवंटन किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी विगत वर्ष की कटआफ (Opening & Closing Rank) का वेबसाइट https://jeecup.admissions.nic.in पर भली–भाँति अध्ययन करते हुए प्रवेश परीक्षा में प्राप्त रैंक के अनुसार सीट आवंटन की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए संस्था एवं पाठ्यक्रम का चयन करें।

1- **Withdrawal from counseling process:** यदि कोई अभ्यर्थी वर्ष–2022–23 में प्रवेश लेने का इच्छुक नहीं है तो अभ्यर्थी काउन्सिलिंग के 13वें चरण से पूर्व 09.12.2022 से 12.12.2022 तक प्रथम से बारहवें चरण तक की आवंटित सीट को खाली करते हुए जमा किया गया सम्पूर्ण शुल्क (सिक्योरिटी धनराशि एवं प्रवेश शुल्क) वापस ले सकता है। **इस विकल्प का चयन करने के उपरान्त अभ्यर्थी इस शैक्षिक सत्र में फार्मेसी पाठ्यक्रम ग्रुप में प्रवेश लेने से पूर्णतया वंचित होगा एवं किसी भी दशा में काउन्सिलिंग प्रक्रिया में पुनः सम्मिलित नहीं हो सकेगा। अतः उचित होगा कि अभ्यर्थी इस विकल्प के चयन से पूर्व भली–भाँति विचार करते हुए निर्णय ले।**

   (अ) शुल्क की वापसी अभ्यर्थी/अभिभावक के बैंक खाते में ही की जायेगी। अन्य किसी खाते में शुल्क वापसी सम्भव नहीं हो सकेगी।

   (ब) इस प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थी अपने लॉगिन से "Withdrawal from counseling process" लिंक पर जाकर पूर्व में दिये गये बैंक खाते की निरस्त की हुई चेक अथवा पासबुक की प्रति स्कैन करते हुए अपलोड करेंगे। जमा किये गये सम्पूर्ण शुल्क की वापसी इसी बैंक खाते में की जायेगी।

   (स) शुल्क वापसी की प्रक्रिया वर्ष–2022 की काउन्सिलिंग की समाप्ति के पश्चात की जायेगी।

   (द) "Withdrawal from counseling process" के विस्तृत निर्देश परिषद की वेबसाइट jeecup.admissions.nic.in पर उपलब्ध है।

2- **Eligible Candidates for Special Round-13 & 14 -** 13वें से 14वें चरण तक की काउन्सिलिंग के लिए केवल फार्मेसी पाठ्यक्रम के पूर्व प्रवेशित/अप्रवेशित छात्र एवं नवीन पंजीकृत अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। "Withdrawal from counseling process" का चयन करने वाले अभ्यर्थी विशिष्ट चरणों की काउन्सिलिंग हेतु पात्र नहीं होंगे।

3- **विकल्प चयन –** इस विशिष्ट चरणों में अभ्यर्थियों को असीमित विकल्प भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बारहवें चरण तक की काउन्सिलिंग एवं विद्ड्राल के पश्चात खाली हुई, नई एवं बढ़ी हुई सीटें अभ्यर्थियों को विकल्प चयन हेतु उपलब्ध रहेंगी।

4- **सीट आवंटन –** 12वें चरण तक के पूर्व निर्धारित नियमों के अनुसार सीट आवंटन प्रक्रिया एन0आई0सी0 द्वारा की जायेगी। पूर्व प्रवेशित अभ्यर्थी द्वारा यदि विकल्प चयन किया जाता है तथा उसके द्वारा दिये गये विकल्पों में से सीट का आवंटन हो जाता है एवं निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाती है तो उसकी पूर्व प्रवेशित सीट निरस्त कर दी जायेगी तथा 14वें चरण में अभ्यर्थियों के विकल्प चयन हेतु उपलब्ध रहेगी।

   विकल्प चयन के पश्चात यदि अभ्यर्थी द्वारा दिये गये विकल्पों में से सीट का आवंटन नहीं होता है अथवा आवंटन के पश्चात किन्हीं कारणों से प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती है तो अभ्यर्थी की पूर्व आवंटित सीट सुरक्षित रहेगी।

5- **Freeze अथवा Float विकल्प का चयन –** 13वें चरण में सीट आवंटन प्राप्त होने पर अभ्यर्थी को अपने लॉगिन से Freeze अथवा Float का विकल्प चुनना होगा।

   (अ) **Float विकल्प** – सीट आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी यदि आवंटित संस्था अथवा पाठ्यक्रम में सुधार के इच्छुक हैं तो ऐसी स्थिति में उन्हें Float विकल्प का चयन करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी को आवंटित

सीट तब तक सुरक्षित रहेगी जब तक कि उसे कोई अन्य सीट आवंटित न हो जाये। **14वें चरण में आवंटित सीट पर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।**

(ब) **Freeze विकल्प** – जो अभ्यर्थी आवंटित संस्था/ पाठ्यक्रम में अध्ययन के इच्छुक हों उन्हें Freeze विकल्प का चयन करना होगा। यदि अभ्यर्थी Freeze का विकल्प चुनता है तो उसे अपनी आवंटित संस्था में जाकर अपने सभी मूल अभिलेखों का सत्यापन कराना होगा। अभिलेखों के सत्यापन के तुरन्त बाद अभ्यर्थी के लॉगिन पर चयनित पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित सम्पूर्ण शुल्क आनलाइन जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क की धनराशि जमा किये जाने का विकल्प अभ्यर्थी के लागिन स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। प्रवेश शुल्क दिये गये विकल्पों यथा– नेट बैकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्रत्येक चरण हेतु निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा करना आवश्यक होगा एवं संस्था में उपस्थित होकर संस्था के पी0आई0 एडमिन में उपलब्ध सूची में पी0आई0 रिर्पोटिंग करानी होगी, अन्यथा की स्थिति में उसकी आवंटित सीट निरस्त हो जायेगी और वह 14वें चरण की काउन्सिलिंग में भाग नहीं ले सकेगा। 14वें चरण के आवंटन के पश्चात सभी अभ्यर्थी स्वतः Freeze हो जायेंगे तथा उन्हें आवंटित संस्था पर उपस्थित होकर डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन कराकर निर्धारित शुल्क जमा करना एवं पी0आई0 रिर्पोटिंग कराना अनिवार्य होगा।

6- **डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन** – 13वें से 14वें चरण में डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ववत् रहेगी। अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के पश्चात अभिलेखों के सत्यापन के लिए उन्हें आवंटित संस्था में निर्धारित अवधि में स्वयं सभी मूल अभिलेखों तथा इसकी स्वःप्रमाणित छायाप्रति तथा दो फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होना होगा। 13वें से 14वें चरण तक अभिलेखों का सत्यापन निर्धारित अवधि में आवंटित संस्था में स्वयं उपस्थित होकर पूर्ण कराना होगा।

**फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन कराने की आवश्यकता नहीं है।**

7- **प्रवेश शुल्क** – अभ्यर्थी डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन के पश्चात अपने लॉगिन से संस्था प्रवेश शुल्क प्रत्येक चरण में निर्धारित अवधि में ही आनलाइन जमा करेंगे। राजकीय एवं अनुदानित संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी पूर्ण शुल्क जमा करेंगे, परन्तु निजी पालीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी अपने लॉगिन में उपलब्ध लिंक के माध्यम से रू0 3000/– आनलाइन जमा करेंगे तथा शेष शुल्क संस्था में प्रवेश की औपचारिकता पूर्ण करते समय जमा की जायेगी।

**पूर्व में फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को कोई शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

8- **पी0आई0 रिर्पोटिंग** – 13वें चरण की काउन्सिलिंग द्वारा आवंटित अभ्यर्थी डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन एवं प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात संस्था में रिपोर्ट करेंगे तथा संस्था द्वारा पी0आई0 रिर्पोटिंग माड्यूल में उपलब्ध प्रवेशित छात्रों की सूची में उन सभी छात्रों को पी0आई0 रिर्पोटेड अंकित करना होगा। यदि संस्था द्वारा किसी छात्र को रिर्पोटेड नहीं दर्शाया गया है तो अभ्यर्थी की आवंटित सीट निरस्त हो जायेगी तथा 14वें चरण में आवंटन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी।

(राम रतन)
प्रभारी सचिव
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद
उ० प्र० लखनऊ